**FROM No. III**

# फर्द अहकाम

सहायक कलक्टर (SDO) (नियम 26)

अदालत बायतु मुकाम

रामसिंह बनाम किशोरसिंह वगैरा

किस्म मुकदमा राजस्व वाद नं. 10 सन् 2017

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यावाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 23/1/2017 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री कुम्भसिंह चौधरी ने यह प्रार्थना-पत्र/वाद/अपील धारा 88, 188 RT Act राजस्थान काश्तकारी/ भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी/प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 27/2/2017 को पेश हो। सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | No 24/1/17 |
| 27/02/17 | वादी वकील उपस्थित/ प्रतिवादीगणों के सम्मन तामील अदम तामील अप्राप्त/इन्तजार होकर पत्रावली आईन्दा दिनांक 06/03/2017 को पेश हो/ सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |
| 06/03/17 | वादी वकील उपस्थित / प्रतिवादीगणों के सम्मन तामील अदम तामील अप्राप्त / पीठासीन अधिकारी का उदयपुर दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इन्तजार होकर आगामी दिनांक 20/06/17 को पेश हो/ सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |

Scanned by CamScanner

तारीख हुक्म

28/06/17

पत्रावली आज न्याय आपके द्वार अभियान-
2017 कैम्प कोर्ट ग्राम पंचायत छीतर का पार में
रखी गई। वादी वकील उपस्थित। प्रतिवादी संख्या
1 की ओर से वकील श्री रिड़मलराम सियाग द्वारा
वकालतनामा मय ईकबाली जवाब पेश किया
गया जिसे शामिल पत्रावली किया गया। व प्रति-
वादी संख्या 1 स्वयं किशोरसिंह उपस्थित।
वादी वकील द्वारा वादी साक्ष्य के रूप में
बांकाराम पुत्र उदाराम जाति-जाट निवासी- [illegible]
छीतर का पार तहसील-बायतु जिला-बाड़मेर
का शपथ-पत्र पेश किया गया जिसे शामिल
पत्रावली किया गया। वादी और साक्ष्य पेश
नहीं करना चाहते है। तथा प्रतिवादी वकील भी
साक्ष्य पेश नहीं करना चाहते है। वादी व प्रति-
वादी साक्ष्य बन्द किये जाते है। वादी का वाद
संक्षिप्त में इस प्रकार है कि वादग्रस्त आराजी
मौजा छीतर का पार में खेत खसरा नम्बर-274
रकबा- 63.06 बीघा व मौजा- नोगामा के
खसरा नम्बर -143 रकबा- 57.16 बीघा पटवार मण्डल
छीतर का पार तहसील-बायतु जिला-बाड़मेर भी
वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 से 8 के संयुक्त
खातेदारी की पैतृक भूमि चली आई हुई है। वादग्रस्त
भूमि के 1/2 हिस्से पर सेटलमेन्ट के समय वादी-
गण के पूर्वज जैतमालसिंह, गुमानसिंह व भैरूसिंह,
प्रतिवादी संख्या 1 के पूर्वज भानसिंह का तथा
1/2 हिस्से पर प्रतिवादी संख्या 2 से 8 के पूर्वज
उम्मेदसिंह पुत्र दीपसिंह के संयुक्त खातेदारी का
था तथा 1/2 हिस्से पर जैतमालसिंह, भानसिंह,
गुमानसिंह व भैरूसिंह का संयुक्त रूप से कब्जा

सहायक कलेक्टर (SDO)
बायतु

Scanned by CamScanner

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | काश्त होने से संयुक्त रूप से पर्चा लगान जारी किया जाना था परन्तु राजस्व अधिकारियों की भूल के कारण वादीगण के पूर्वजों जैतमालसिंह, गुमानसिंह व भैरूसिंह का नाम प्रतिवादी संख्या 1 के पिता कानसिंह के साथ राजस्व रेकर्ड में अंकित नहीं करवाया तथा पर्चा लगान में वादीगण के पूर्वजों का नाम ~~पीछे~~ पीछे छोड़ते हुए 1/2 हिस्सा का प्रतिवादीगण संख्या 1 के पिता कानसिंह के नाम जारी करवा दिया जबकि वादीगण के पूर्वजों के भी वक्त सेटलमेंट के समय संयुक्त रूप से काबिज थे तथा सभी संयुक्त रूप से 1/2 हिस्से पर निवास करते थे तथा 1/2 हिस्से में 1/4 हिस्सा अर्थात सम्पूर्ण रकबा 1/8 हिस्सा वादी संख्या 1 व 2 के पिता जैतमालसिंह का 1/8 हिस्सा प्रतिवादी संख्या 3 के पिता गुमानसिंह का 1/8 हिस्से पर वादी संख्या 4 व 5 के पिता भैरूसिंह का तथा 1/8 हिस्सा प्रतिवादी संख्या 1 के पिता कानसिंह का खातेदारी का था। इसी अनुसार पक्षकारान का वक्त सेटलमेंट से आज दिन तक कब्जा काश्त चला आ रहा है तथा अपने-अपने हिस्से पर काबिज होकर निर्बाध रूप से काश्त करते रहे हैं कि वादग्रस्त भूमि मौजा छीतर का पार में खेत खसरा नम्बर-274 रकबा-63.06 बीघा व मौजा जोगासर कुंआ में खसरा नम्बर-143 रकबा-57.16 बीघा पटवार मण्डल छीतर का पार तहसील-बायतु जिला-बाड़मेर में वादीगण को प्रतिवादी संख्या 1 के साथ सहखातेदार घोषित करते हुए वादीगण संख्या 1 व 2 का 1/8 हिस्सा, वादी संख्या 3 का 1/8 हिस्सा तथा वादी संख्या 4 व 5 का 1/8 हिस्सा के सहखातेदार | |

सहायक कलेक्टर (SDO)
बायतु

Scanned by CamScanner

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व ता॰ अहकाम जो ... हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | घोषित किया जावे का निवेदन किया गया।<br>प्रतिवादी संख्या 2 से 8 को औपचारिक पक्षकार<br>बनाये गये जिनसे कोई किसी प्रकार की इमदाद<br>नहीं चाही गई है। हमने पत्रावली व पत्रावली<br>के संलग्न राजस्व रेकर्ड व प्रतिवादी संख्या<br>1 द्वारा प्रस्तुत इकबाली जवाब तथा वादी वकील<br>द्वारा वादी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत शपथ-पत्र<br>PW-1 कानाराम पुत्र ऊदाराम जाति-जाट निवासी-<br>छीतर का पार तहसील बायतु का अवलोकन किया<br>है वाद वादग्रस्त आराजी मौजा छीतर का पार<br>में खेत खसरा नम्बर - 274 रकबा - 63.06 बीघा<br>व मौजा जोगासर कुआ में खसरा नम्बर - 143<br>रकबा - 57.16 बीघा पटवार मण्डल छीतर का पार<br>तहसील - बायतु जिला - बाड़मेर में वादीगण को<br>प्रतिवादी संख्या 1 के साथ वादीगण संख्या 1 व 2<br>का 1/8 हिस्सा, वादी संख्या 3 का 1/8 हिस्सा तथा<br>वादी संख्या 4 व 5 का 1/8 हिस्सा की भूमि का<br>सहखातेदार घोषित किया जाता है। तहसीलदार बायतु<br>निर्णय अनुसार राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद करें।<br>डिक्री पर्चा जारी हो, पत्रावली फैसल शुमार हो<br>दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो।<br><br>सहायक कलक्टर (SDO)<br>बायतु | |

Scanned by CamScanner

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 29/08/17 | वादी वकील द्वारा एक प्रार्थना-पत्र पत्रावली तलब कर निर्णय में संशोधन करने बाबत का प्रस्तुत किया। वादी वकील द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र को स्वीकार किया जाकर पत्रावली तलब की गई। वादी वकील द्वारा निवेदन किया गया की उक्त वाद का निर्णय न्याय आपके द्वार अभियान-2017 कैम्प कोर्ट ग्राम पंचायत छीतर का पार में दिनांक-28/06/17 को किया गया जिसमें निर्णय लिखते समय विवादित आराजी मौजा-छीतर का पार में खेत खसरा नम्बर-274 रकबा-63.06 बीघा व मौजा जोगासर कुआ में खसरा नम्बर-143 रकबा-57.16 बीघा पटवार मण्डल-छीतर का पार तहसील-बायतु में निर्णय लिखते समय लिपीकिय त्रुटि से वादीगणों को प्रतिवादी संख्या 1 के साथ वादीगण संख्या 1 व 2 को 1/8 हिस्सा, वादी संख्या 3 को 1/8 हिस्सा तथा वादी संख्या 4 व 5 को 1/8 हिस्सा की भूमि का सहखातेदार घोषित किया गया जबकि उक्त वाद में वादी संख्या 1 को 1/8 हिस्सा, वादी संख्या 2 व 3 को 1/8 हिस्सा व वादी संख्या 4 व 5 को 1/8 हिस्से की भूमि का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ सहखातेदार घोषित किया जाना था का निवेदन किया गया।<br>अतः वादी वकील द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र को स्वीकार किया जाकर पूर्व में निर्णय दिनांक 28/06/17 में संशोधन कर मौजा छीतर | |

सहायक कलक्टर (SDO)
बायतु

Scanned by CamScanner

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व ता. अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | का पार में खसरा नम्बर- 274 रकबा- 63.06 बीघा व मौजा जोगाला कुंआ खसरा नम्बर- 143 रकबा- 57.16 बीघा पश्चात् मण्डल-धीलर का पार तह० जायल में वादीगणों को प्रतिवादी संख्या 1 के साथ वादीगण संख्या 1 व 2 को 1/8 हिस्सा, वादी संख्या- 3 को 1/8 हिस्सा तथा वादी संख्या 4 व 5 को 1/8 हिस्सा की भूमि का सहखातेदार काश्तकार घोषित किया गया था जिसके स्थान पर संशोधित कर वादी संख्या 1 को 1/8 हिस्सा व वादी संख्या 2 व 3 को 1/8 हिस्सा तथा वादी संख्या 4 व 5 को 1/8 हिस्सा, प्रतिवादी संख्या 1 के साथ सहखातेदार घोषित किया जाता है। संशोधित डिक्री पर्चा जारी होकर पत्रावली पुन: दाखिल दफ्तर हो। <br><br> सहायक कलक्टर (SDO) जायल | |

सेवामें, श्री कुमावत/... (हस्तलिखित)